नामांक Roll No.

No. of Questions – **34**

No. of Printed Pages – **4**

SS-29-Sociology (D&D)

समाजशास्त्र

उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा, 2020

समय : 4¼ घण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

(5)

खण्ड	प्रश्न संख्या	अंक प्रत्येक प्रश्न	उत्तर की शब्द सीमा
अ	1 – 10	1	10 शब्द
ब	11 – 20	2	30 शब्द
स	21 – 30	3	45 शब्द
द	31 – 34	5	150 शब्द

(6) प्रश्न संख्या **31** से **34** में आंतरिक विकल्प हैं ।

खण्ड –अ

1. मुताह विवाह किस धर्म का उदाहरण है ? 1

2. जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन सा स्थान है ? 1

3. जनसंख्या विस्फोट क्यों होता है ? 1

4. लिंगानुपात को परिभाषित कीजिए। 1

5. भारत में चाय बागानों का विकास किसने किया ? 1

6. दो राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के नाम लिखिए। 1

7. आव्रजन में भाग लेने वाले को क्या कहते हैं ? 1

8. पंचायती राज व्यवस्था के कितने स्तर हैं ? 1

9. खेजड़ली आन्दोलन की अगुवा कौन थी ? 1

10. आर्य समाज की स्थापना किसने की थी ? 1

खण्ड – ब

11. गर्भाधान संस्कार को समझाइए। 2

12. भारत में नगरीकरण के दो प्रभाव लिखिए। 2

13. योगेन्द्र सिंह के अनुसार परम्परा की विशेषताएँ लिखिए। 2

14. औद्योगीकरण का भारतीय उद्योगों पर क्या प्रभाव पड़ा ? 2

15. जजमानी प्रथा की समाप्ति के क्या कारण दिखाई देते हैं ? 2

16. राजनीतिक दलों के दो कार्य लिखिए । **2**

17. नगरीय समाज क्या है ? **2**

18. मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना क्या है ? **2**

19. सामाजिक चेतना से क्या तात्पर्य है ? **2**

20. आर्य समाज आन्दोलन की दो विशेषताएँ लिखिए । **2**

खण्ड – स

21. कर्म कितने प्रकार के होते हैं ? लिखिए । **3**

22. भौगोलिक विविधता को समझाइए । **3**

23. गाँवों में मनोरंजन के साधनों की विवेचना कीजिए । **3**

24. भारत में ग्रामीण–नगरीय संलग्नता के कोई तीन बिंदु लिखिए । **3**

25. निम्न जातियों की मध्यकालीन सामाजिक व्यवस्था में निर्योग्यताओं पर प्रकाश डालिए । **3**

26. संस्कृतिकरण को परिभाषित कीजिए । **3**

27. आधुनिकीकरण की तीन विशेषताएँ लिखिए । **3**

28. भारतीय संस्कृति की भोजन शैली को पश्चिमीकरण ने किस रूप में प्रभावित किया ? **3**

29. जल प्रबन्धन से क्या तात्पर्य है ? **3**

30. नगर नियोजन के तीन उद्देश्य लिखिए । **3**

खण्ड–द

31. राजस्थान में अनुसूचित जनजातियों पर निबन्ध लिखिए । **5**

अथवा

निः शक्तजनों (विशेषयोग्यजनों) की देखभाल हेतु सरकार की क्या नीतियाँ हैं ?

32. वर्तमान राजनीतिक दलों की चुनौतियों एवं समाधान हेतु अपने सुझाव व्यक्त कीजिए । **5**

अथवा

जिला परिषद् के कार्यों की विवेचना कीजिए ।

33. राजस्थान में महिलाओं की स्थिति में सुधार हेतु क्या–क्या प्रयास हुए ? **5**

अथवा

स्वतंत्रता के पश्चात् राजस्थान में बालिका शिक्षा की स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा करें ।

34. सामाजिक आन्दोलन के प्रमुख तत्त्वों का वर्णन कीजिए । **5**

अथवा

जनसंचार के साधनों के प्रकार तथा उनके विकास पर लेख लिखिए ।